दिनांक 23 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

लॉक डाउन के दौरान वैशाली नगर संस्कृतिक भवन में ठहरे 48 लोगों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है तीन टाइम का भोजन , चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है नियमित रूप से परीक्षण

भिलाई नगर/ झारखंड, सरगुजा, उड़ीसा, बिहार एवं अन्य जगहों से लॉक डाउन के दौरान फंसे हुए लोगों के लिए वैशाली नगर सांस्कृतिक भवन राहत शिविर बना हुआ है जहां पर स्व सहायता समूह की महिलाएं तीन टाइम का गर्म भोजन इन लोगों को उपलब्ध करा रही है! रहने के लिए सारी सुविधा इन्हें मुहैया कराई गई है प्रत्येक व्यक्ति के लिए बिस्तर, चादर की व्यवस्था की गई है! और बहुत से ऐसे सामाजिक संगठन समाजसेवी है जो इनके लिए राशन उपलब्ध कराकर सहयोग कर रहे हैं ऐसे ही वीटीपी बीडीएस के संचालक अरविंदर सिंह जी एवं वासुदेव ने इन लोगों के लिए राशन की सामग्री जिसमें आलू, प्याज, सब्जी के लिए सहयोग राशि दी है ऐसे ही कई अन्य लोगों ने भी इनको जरूरत के लिए राहत सामग्री प्रदाय करने का कार्य किया है! वैशाली नगर सांस्कृतिक भवन में स्व सहायता समूह की महिलाएं गायत्री साहू एवं तीजन देवांगन उपस्थित रहती है जो गर्म भोजन इन ठहरे हुए लोगों को प्रदाय कर रही हैं! सरगुजा से 4, उड़ीसा से 2, बिहार से 3 और अधिकतर लोग झारखंड के है, कुल 48 लोग यहां पर ठहरे हुए हैं ! 28 मार्च से लॉक डाउन के दौरान फंसे हुए लोगों का यहां पर आना शुरू हुआ तथा प्रारंभिक में 23 व्यक्ति पहुंचे थे जिसके बाद कुछ और फंसे हुए लोग यहां पर रह रहे हैं! इन लोगों को सुबह एवं शाम चाय उपलब्ध कराया जाता है , सभी लोगों को मास्क एवं सैनिटाइजर दिया किया गया है तथा इन लोगों का चिकित्सीय परीक्षण भी किया जाता है! सोशल डिस्टेंस मेंटेन करने के लिए सभी को अलग-अलग दूरी बनाकर रहने की समझाइश लगातार दी जा रही है! वैशाली नगर सांस्कृतिक भवन में गर्मी से बचने के लिए पंखे की व्यवस्था एवं मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी उपलब्ध है , पेयजल एवं शौचालय भी इस प्रांगण पर मौजूद है!

जनसंपर्क अधिकारी